संख्या- 33 /2021/928/30-3-21-07बी/2007

प्रेषक,

मदन मोहन,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 24 मार्च, 2021

विषय- सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-758ए/2021-43ए/2020, दिनांक 10 मार्च, 2021, पत्र संख्या-92नजारत/2021-04नजारत/2021, दिनांक 09 मार्च, 2021, पत्र संख्या-675ए/2021-43ए/2020, दिनांक 05 मार्च, 2021 एवं पत्र संख्या-476ए/2021-43ए/2020, दिनांक 02 मार्च, 2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण कार्य कराये जाने के प्रस्ताव पर सम्यक् परीक्षणोपरान्त संलग्न सूची (क) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 में राजस्व पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण में प्रावधानित धनराशि रू0 500.00 लाख में से धनराशि रू0 294.25 लाख (रू0 दो करोड़ चौरान्नवे लाख पच्चीस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए आपके निवर्तन पर रखने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) आप द्वारा संलग्न सूची के अनुसार प्रस्तावित कार्य से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से अनुश्रवण करके प्रश्नगत कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
(2) आहरित धनराशि पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।
(3) निर्माण कार्य की विशिष्टयां मानक एवं गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व आपका होगा।
(4) उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में पुनरावृत्ति न हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाय।
(5) उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
(6) उक्त कार्यों के सम्बन्ध में समस्त सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में परिवहन विभाग की अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में लेखाशीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-03-अनावासीय भवनों की मरम्मत तथा रख-रखाव-29-अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,
ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

संख्या-33/2021/928(1)/30-3-2021, तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय-परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
8- सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा परिवहन आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-33 /2021/928/30-3-21-07बी/2007

सूची-क

सम्भागीय/सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय के भवन मरम्मत/अनुरक्षण के कार्य का विवरण :

क्र0 सं0	कार्यालय का नाम	कार्य का नाम	कार्यदायी संस्था का नाम	धनराशि (रू0 लाख रूपये में)
1	2	3	4	5
1.	सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, मऊ	1- कार्यालय की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई	ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-मऊ।	11.00
		2- कार्यालय में रिकार्ड रूम व शौचालय का निर्माण।	-तदैव-	23.87
2.	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, महोबा	कार्यालय भवन में रिवायरिंग/इलेक्ट्रिक रेनोवेशन।	लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड-महोबा।	9.99
3.	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, श्रावस्ती	कार्यालय भवन की मरम्मत, रंगाई-पुताई एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण।	ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-श्रावस्ती	14.71
4.	संभागीय परिवहन अधिकारी, मेरठ	1-चहारदीवारी तथा गैराज की छत मरम्मत एवं रंगाई-पुताई	यूपी0आर0एन0 -एस0एस0, निर्माण प्रखण्ड-मेरठ-1	6.90
		2-कोरिडोर में विट्रीफाइड टाइल्स लगाना	-तदैव-	8.65
5.	सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, हरदोई	कार्यालय, भवन, शौचालय एवं बाउण्ड्रीवॉल की रंगाई-पुताई।	यू0पी0 सिडको, हरदोई	10.37
6.	सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बहराइच।	कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई एवं मरम्मत	ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बहराइच	2.78
7.	परिवहन आयुक्त कार्यालय परिवहन आयुक्त कार्यालय	भवन के बाहरी सतह पर नवीनीकरण एवं उच्चीकरण के कार्य	यू0पी0 स्टेट कांस्सट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0	146.09
8.	संभागीय परिवहन कार्यालय, लखनऊ	कार्यालय भवन की मरम्मत/ अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य।	यू0पी0 सिडको, लखनऊ-।।	59.89
			कुल योग =	**रू0 294.25 लाख** (रू0 दो करोड़ चौरान्नवे लाख पच्चीस हजार मात्र)

ह0/-
(मदन मोहन)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।